तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शनिवार 27 जून 2026

10 कागजों पर डबल इंजन का विकास जमीन पर जनता...



11 सच्चाई और हक पर चलने का नाम हुसैन है : मौलाना सिब्तैन





प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E.S., BCA, Bsc. (CS/IT), B.Com., PGDCA, DCA PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त (पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
मो.न. - 8103982557

आवश्यकता है
कलकत्ता स्टूडियों में काम करने के लिए युवक / युवतियों की आवश्यकता है।
संपर्क करें- कलकत्ता स्टूडियों
गंज रोड नवापारा राजिम
मो.नं. 8319934005

# क्षेत्र में अच्छी बारिश की कामना, छिन्दालाई के दरबार में पहुंचे 52 गांव के लोग, की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर क्षेत्र का प्रसिध्द छिन्दालाई माता का जांत्र आज शुक्रवार को मां छिन्दालाई के दरबार मे पहुंचे श्रध्दालु भक्तो के मनोकामना के बीच संपन्न हुई यह प्रसिध्द छिन्दालाई जांत्र ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष मे प्रति वर्श आयोजित किया जाता है जहां क्षेत्र की सुख शांति के लिए क्षेत्रीय लोग बड़ चढ़ कर इस कार्यक्रम मे भाग लेते है और माता छिन्दालाई से आशिर्वाद प्राप्त करते है लोगो की मान्यता है कि जो भी श्रध्दालु भक्त सच्चे मन से अपनी मनोकामना लेकर आते है जिनकी सारी मनोकामना छिन्दालाई देवी अवश्य ही पूरी करती है एवं मां छिन्दालाई जांत्र संपन्न होने के बाद बारिश होना निश्चित माना जाता है जिसे लोग माता का आशिर्वाद स्वरूप मानते है यह पवित्र जांत्र क्षेत्र में प्रसिद्ध है जो छिन्दालाई जात्र के नाम से जानी जाती है। जांतरा के दौरान क्षेत्र भर से पहुंचे सैकडों लोगों द्वारा माता के दरबार में विशेष पूजा अर्चना किया गया है अच्छी बारिश और अच्छी फसल की उम्मीद के साथ बकरा, मुर्गा की बलि दी जाती है। ग्राम के झांकर पुजारी व पटेल ने बताया कि यह प्रसिद्ध छिन्दालाई जांत्र की शुरूआत राजवाड़े काल से ही की गई है जिसमें क्षेत्र सहित दूरस्थ क्षेत्रों के लोग मनोकामना लेकर आते हैं। जहां उनकी मनोकामना अवश्य ही पूरी होती है व पहली बारिश की शुरूआत माता के जांत्र के बाद होती है।

## राजवाड़ा काल से जारी है परंपरा, जांत्र के बाद अच्छी बारिश मानते हैं तय



### सुबह से लगने लगा था भक्तों का तांता, जयकारों से गूंजा जंगल

तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 16 किलोमीटर दूर छिन्दौला के घने जगल में मां छिन्दालाई की दरबार है जहां आज क्षेत्र भर के लगभग 52 ग्रामों के सैकडों लोग आज शुक्रवार सुबह 10 बजे से पहुंचना प्रारभं हूए और पूरे विधि विधान के साथ मां छिन्दालाई की पूजा अर्चना कर क्षेत्र में अच्छी बारिश और अच्छी फसल व सुख शांति समृद्धि की कामना की गई। इस मौके पर प्रमुख रूप से हरिशचंद नेगी आशाराम यादव, पे्रमसाय जगत, छबी दिवान, मुख्तयाज दिवान, बसंत जगत, खेदु नेगी, जन्मजय नेताम, थानूराम पटेल, सियाराम ठाकुर, चैनसिंह नेताम, पवन दिवान, देवन नेताम, डॉकेश्वर नेगी, घनश्याम नागेश, खेलन दीवान, हेमंत, यमराज, रोहन मरकाम, महेन्द्र नेताम, तुलसीराम, रोशन राठौर, गुजरात कमलेश, कन्हैया ठाकुर, भगवान सिंह, देवसिंह, जोहन, सुन्दर कपिल, उत्तम पटेल, दामोदर नेगी, जगतराम, सहित 52 ग्रामो सें सैकडो की संख्या मे श्रद्धालु क्षेत्रभर से उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### माहेश्वरी समाज ने निकाली विशाल बाइक रैली

**नवापारा-राजिम।** माहेश्वरी समाज ने श्रीराधाकृष्ण मंदिर से बाइक रैली निकाली। रैली में अध्यक्ष सुरेश काबरा ,दिपेश काबरा, महेश दम्मानी, सुशील सोमानी, सुरेश काबरा, लक्ष्मी कुमार दम्माणी, राजू काबरा, जितेंद्र, नरेश, दिनेश, दिपेश, शैलेश, कैलाश, नितिन तापड़िया, सुभाष केला, सुशील सोमानी, सीताराम केला, राहुल केला, ओम सारडा, नंदकिशोर राठी, अमोल मूंदड़ा, कविता दम्माणी, आशा केला, मेघा काबरा, शारदा सारडा, शिल्पा मूंदड़ा, लेखा दम्माणी, किरण काबरा, भावना दम्माणी, आरती काबरा, आरती तापड़िया, किरण, लता, पारुल ,सरोज काबरा, सुरेश काबरा, राजू काबरा, दिपेश काबरा शामिल थे।

### हेमराज का अग्निवीर में चयन, ग्रामीणों ने दी विदाई



**नवापारा-भेण्डरी।** मोहरेंगा निवासी हेमराज वर्मा का चयन अग्निवीर में हुआ। गरीब परिवार के यह युवक अपने मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया। उन्हें गुलाल लगाकर पुष्प माला पहनाकर बाजे-गाजे के साथ विदाई दी गई। इस अवसर पर सरपंच प्रीति भूपेन्द्र धुव्र ,उपसरपंच कुलास यादव, जनपद सदस्य राजेश साहू ,ग्राम विकास समिति गणपत पटेल, खिलेशवर पटेल, सरपंच प्रतिनिधि भूपेन्द्र धुव्र मौजूद थे।

### कारीमाट्टी में डबरी में मिली युवक की लाश

**रसेला।** ग्राम रसेला के पारा कारीमाट्टी में शुक्रवार को एक युवक का शव मिलने पर इलाके में सनसनी फ़ैल गई। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ज्ञात हो कि कारीमाट्टी से कच्ची सड़क चिगरमाल का रास्ता है जिसमें कारीमाट्टी निवासी केजाऊ राम भुजिया का डबरी बना हुआ है। जिसमें शुक्रवार को आने जाने वाले की नजर इस घटना पर पड़ी। और कारीमाट्टी वाले को बताया गया कि डबरी में कोई व्यक्ति पानी में दिख रहा है। गांव वाले जाकर देखा तो ग्राम देवपरसुली निवासी सुरेश पिता भागवत यादव 35 वर्ष का शव पानी में तैरते मिले। इसी की सूचना तुरंत पुलिस को दिया गया, सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंचकर पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू ▶▶|शेष पेज 10 पर

**समस्या :** दावों के बीच प्यासा कमार समाज, छत्तरपुर में बुनियादी सुविधाओं का संकट

# करोड़ों रुपए की पानी टंकी बनी शो-पीस सोलर सिस्टम खराब, नहीं बुझ रही प्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

शासन विशेष पिछड़ी जनजातियों, विशेषकर कमार समाज के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए लगातार विभिन्न योजनाएं संचालित कर रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के दावे भी किए जाते हैं। लेकिन ग्राम पंचायत सेमहरा के आश्रित ग्राम छत्तरपुर की तस्वीर इन दावों पर सवाल खड़े करती नजर आती है। गांव में पेयजल समस्या के समाधान के लिए बड़ी पानी टंकी का निर्माण तो करा दिया गया, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि आज तक उससे नियमित जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी। नतीजा यह है कि पूरा गांव एक 1000 लीटर क्षमता वाली सोलर जलटंकी के भरोसे अपनी प्यास बुझाने को मजबूर है। ग्रामीणों के अनुसार, सोलर सिस्टम तभी काम करता है जब तेज धूप होती है। बादल छाने या बारिश होने पर पानी मिलना मुश्किल हो जाता है। स्थिति को और गंभीर बनाते हुए सोलर पैनल भी क्षतिग्रस्त हो चुका है और जैसे-तैसे संचालित हो रहा है।



### क्षतिग्रस्त सोलर पैनल की मरम्मत हो

ऐसे में ग्रामीणों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी पानी जुटाने में भारी परेशानी उठा पड़ रही है। विडंबना यह है कि एक ओर शासन कमार समाज के विकास और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात करता है, वहीं दूसरी ओर छत्तरपुर जैसे गांव में बनी जल संरचना का पूरा लाभ ग्रामीणों तक नहीं पहुंच पा रहा है। यदि करोड़ों या लाखों रुपये खर्च कर पेयजल ढांचा तैयार किया गया है, तो उसका लाभ लोगों को समय पर क्यों नहीं मिल रहा? यह सवाल अब ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। ग्रामीणों ने मांग की है कि बड़ी पानी टंकी को शीघ्र चालू कराया जाए, क्षतिग्रस्त सोलर पैनल की मरम्मत कर नियमित पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि विशेष पिछड़ी जनजाति के इस गांव को भी योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके।इस संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग, उपखंड राजिम के सीडीओ नवीन साहू से उनका पक्ष जानने के लिए दूरभाष के माध्यम से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका जिसके कारण उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो पाया है।



# बिना फिटनेस दौड़ रही स्कूल बस जब्त, 10 हजार का ई-चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

स्कूली बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए गरियाबंद पुलिस और परिवहन विभाग ने संयुक्त रूप से स्कूल वाहनों के खिलाफ विशेष जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाली एक स्कूल बस को जब्त करते हुए उस पर 10 हजार रुपये का ई-चालान किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में 25 जून को परिवहन विभाग और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने शहर में संचालित स्कूल बसों की आकस्मिक जांच की। जांच के दौरान एक निजी स्कूल की बस में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। बस बिना वैध फिटनेस प्रमाणपत्र और प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र के संचालित हो रही थी। इसके अलावा, आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक अग्निशामक यंत्र भी बस में उपलब्ध नहीं था।

बच्चों की सुरक्षा से जुड़े इन गंभीर उल्लंघनों को देखते हुए संयुक्त टीम ने बस को मौके पर ही जब्त कर लिया तथा मोटर व्हीकल एक्ट के तहत संबंधित वाहन पर 10 हजार रुपये का ऑनलाइन ई-चालान जारी किया।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। सभी स्कूल संचालकों एवं वाहन स्वामियों को फिटनेस, परमिट, पीयूसी, अग्निशामक यंत्र सहित सभी आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी दिनों में भी स्कूल वाहनों की जांच का विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा।

# 18 साल से फरार स्थायी वारंटी नौशाद अली नागपुर से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

फरार अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गरियाबंद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। वर्ष 2008 से फरार चल रहे स्थायी वारंटी नौशाद अली को पुलिस ने महाराष्ट्र के नागपुर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पिछले 18 वर्षों से अपनी पहचान छिपाकर पुलिस की गिरफ्त से बचता फिर रहा था। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में गठित विशेष ▶▶|शेष पेज 10 पर





### एक सप्ताह के भीतर 105 वारंटी गिरफ्तार, लंबे समय से थे फरार

**गरियाबंद।** गरियाबंद पुलिस ने फरार आरोपियों के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए पिछले एक सप्ताह में विभिन्न प्रकरणों के 105 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। इनमें 8 स्थायी वारंटी और 97 गिरफ्तारी वारंटी शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के निर्देश पर जिले के सभी थाना प्रभारियों को लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों की तलाश कर उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद जिले के सभी थाना क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने तकनीकी जानकारी और स्थानीय सुरागों के आधार पर कार्रवाई करते हुए लंबे समय से पुलिस से बचकर रह रहे वारंटियों को गिरफ्तार किया। कई आरोपी अपनी पहचान छिपाकर अलग-अलग स्थानों पर रह रहे थे, जिन्हें पुलिस टीमों ने तलाश कर पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार, जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा।

# जिले के 6 नगरीय निकायों में नामांकित पार्षदों की नियुक्ति

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग (यूएडी) ने गरियाबंद जिले के छह नगरीय निकायों में नामांकित पार्षदों की नियुक्ति कर दी है। नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों के लिए नामांकित पार्षदों के नाम घोषित किए हैं। यह नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेंगी। राज्य शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार नगर पालिका परिषद गरियाबंद में सरला उद्धके, सेवक निषाद, गुलेश्वरी ठाकुर, रितेश यादव एवं योगेन्द्र सिन्हा को नामांकित पार्षद बनाया गया है। नगर पालिका परिषद राजिम में रामजीवन साहू, मधुनाथानी, राधेश्याम सोनी, दीनदयाल सोनकर एवं कपिल धीवर को नामांकित किया गया है। इसी प्रकार नगर पंचायत फिंगेश्वर में संतोषी श्रीवास्तव, सीमा ठाकुर एवं गेंदराम मांडले, नगर पंचायत छुरा में धर्मेन्द्र चंद्राकर, सफर सचदेव एवं तुलाराम साहू, नगर पंचायत कोपरा में झाड़ूराम तारक, दिलीप वर्मा एवं झामन साहू, तथा नगर पंचायत देवभोग में अभितेश अवस्थी, देवनाथ यादव एवं गंगाराम पाण्डेय को नामांकित पार्षद नियुक्त किया गया है। यह नियुक्तियां छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 तथा छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के तहत की गई हैं। शासन के इस आदेश के बाद संबंधित नगरीय निकायों में नामांकित पार्षदों की भूमिका स्थानीय विकास कार्यों, जनहित के मुद्दों तथा परिषद की कार्यवाही में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। गरियाबंद जिले के 6 नगरीय निकायों में नामांकित पार्षदों की नियुक्ति। नगर पालिका गरियाबंद व राजिम में 5-5 पार्षद नामांकित। फिंगेश्वर, छुरा, कोपरा और देवभोग नगर पंचायतों में 3-3 पार्षद नियुक्त। राज्य शासन का आदेश तत्काल प्रभाव से लागू।

# उदंती टाइगर रिजर्व में कटाई करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व वन परिक्षेत्र तौरेंगा (बफर) टीम के द्वारा शोभा सर्कल, वन परिसर कोकड़ी, संरक्षित वनक्षेत्र, कक्ष क्रमांक 1184 में अवैध रूप से वनभूमि में प्रवेष कर साल प्रजाति के 45 नग वृक्ष 12.420 घ.मी. ईमारती, अन्य प्रजाति के 5 नग वृक्ष 0.580 घ.मी. ईमारती एवं मिक्स जलाऊ 9 चट्टा अवैध कटाई करने के अपराध में आरोपी जीवनराम मण्डावी, पिता का नाम महलू राम मण्डावी, जाति गोंड़, उम्र 50 वर्ष, स्थाई पता ग्राम सिवनापाली, थाना कुण्डई, तहसील रायघर, जिला नबरंगपुर, राज्य उड़ीसा, बुधराम नेताम, पिता का नाम मंगलुराम राम नेताम, जाति गोंड़, उम्र 40 वर्ष, स्थाई पता ग्राम बाहरापारा, वार्ड क्रमांक 04 भूतबेड़ा, पोस्ट गोना, थाना शोभा, तहसील मैनपुर, जिला गरियाबंद (छ. ग.) के विरूध्द वन अपराध पी.ओ.आर.क्र. 38/05 दिनांक 23/06/2026 दर्ज कर धारा- (1.) भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33 (1) (क), (ग), (घ), (च) (2.) वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 27, 29, 31, 50, 51, 52, के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय के नियमानुसार नोटिस जारी कर दिनांक 24 जून को न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेड, प्रथम श्रेणी न्यायालय देवभोग के समक्ष पेष कर वारंट के तहत दिनांक 06 जुलाई तक 14 दिनों का रिमाण्ड पर आरोपी को जिला जेल गरियाबंद में जेल दाखिला किया गया।



## राजनीति के साथ किसानी की परंपरा

# मोंगरा में सरपंच-उपसरपंच ने खुद खेत जोतकर दिया प्रेरणादायी संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

छत्तीसगढ़ में अषाढ़ माह की शुरुआत होते ही खेती-किसानी का कार्य जोर-शोर से प्रारंभ हो गया है। पहली बारिश के बाद खेतों में किसानों की चहल-पहल बढ़ गई है। इसी बीच गरियाबंद जिले के विकासखंड छुरा अंतर्गत ग्राम मोंगरा से एक प्रेरणादायी तस्वीर सामने आई है, जहां गांव के सरपंच और उपसरपंच ने स्वयं पारंपरिक तरीके से खेती कर श्रम की गरिमा का संदेश दिया है। ग्राम मोंगरा के सरपंच मनीराम नागवंशी एवं उपसरपंच पिलमराम नेताम राजनीति और प्रशासनिक जिम्मेदारियों के साथ-साथ अपनी खेती-किसानी से भी जुड़े हुए हैं। अषाढ़ की पहली बारिश के बाद दोनों जनप्रतिनिधि नांगर-बइला लेकर अपने खेत में खेती कार्य करते नजर आए। हाथ में रस्सी और परौत लेकर बैलों के साथ खेत जोतते हुए उन्होंने ग्रामीणों के सामने एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के दोनों जनप्रतिनिधि न केवल पंचायत के कार्यों में सक्रिय रहते हैं, बल्कि खेती-किसानी की परंपरा को भी जीवंत बनाए हुए हैं। खेत में उन्हें मेहनत करते देख गांव के अन्य किसानों का उत्साह भी बढ़ा है।



सरपंच श्री मनीराम नागवंशी



उपसरपंच श्री पीलमराम नेताम

इस संबंध में सरपंच मनीराम नागवंशी ने कहा, पद और प्रतिष्ठा अपनी जगह है, लेकिन हम सबसे पहले किसान हैं। यह मिट्टी हमारी मां है और खेती-किसानी हमारी ▶▶|शेष पेज 10 पर

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
BHILAI | DHANORA
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### सीएम हेल्पलाईन जनता की समस्याओं के लिए मील का पत्थर : गौरीशंकर

**मैनपुर**। जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष गौरीशंकर कययप ने कहा की केन्द्र के नरेन्द्र मोदी एवं राज्य के विष्णुदेव साय सरकार द्वारा अंतिम पंक्ति मे बैठे व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने जो कार्य



किया जा रहा है वह अपने आप में एक मिशाल है। आज सरकार की योजनाओं का लाभ धरातल पर दिखने लगी है। श्री कश्यप ने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए शुरू की गई सीएम हेल्पलाइन 1076 और ऑनलाइन पोर्टल की अनूठी पहल का स्वागत करते हुए इसे प्रदेश में सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में एक बड़ा और ऐतिहासिक कदम बताया है। जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार जनता के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है अब तक छत्तीसगढ़ के नागरिकों को अपनी छोटी–बड़ी शिकायतों के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते थे, लेकिन अब इस नई हेल्पलाइन के जरिए प्रदेश के आम नागरिकों को सीधे मुख्यमंत्री सचिवालय तक अपनी बात पहुँचाने का सीधा मौका मिल रहा है।

### भाजपा सरकार स्मार्ट मीटर वापस ले : यादव

**मैनपुर**। ब्लॉक कांग्रेस मैनपुर महामंत्री गेंदु यादव ने कहा कि स्मार्ट मीटर के कारण बिजली की खपत से ज्यादा रीडिंग आ रही है। जनता परेशान है इस माह लोगों का बिल तीन गुना तक बढ़कर आया है सभी



घरों में स्मार्ट मीटर लगाकर अधिक वसूली कर रहे है अधिक मुनाफाखोरी के लालच में यह सरकार अनाप-शनाप बिजली बिल वसूलने के लिए नए नए पैंतरे अपना रही है। श्री यादव ने कहा कि स्मार्ट मीटर आम आदमी के गले का फास बन गया है हर जगह बिजली उपभोक्ताओं की शिकायत है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से उनकी खपत वास्तविक खपत से अधिक बताई जा रही है, स्मार्ट मीटर सामान्य मीटर की तुलना में बहुत तेजी से चल रहा है।

### नवापारा पालिका में 5 एल्डरमैन बनाए गए






**नवापारा राजिम**। नवापारा पालिका में 5 एल्डरमैन बनाए गए जिसमें



अन्नपूर्णा देवांगन, नवल साहू, मुकुंद मेश्राम,गुलाब राव, और कन्हैया साहू शामिल है। इन्होंने कहा कि शासन और संगठन ने विश्वास करके जो जिम्मेदारी दी है उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। सभी नगरवासियों के सहयोग से समग्र विकास के लिए कार्य करेंगे।

**न्यायालय तहसीलदार**
**छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**
!! उद्घोषणा !!
रा.प्र.क्र. / ब-121 / वर्ष 2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका मोहित कुमार वल्द बुधराम पांडे जाति कुम्हार ग्राम रानीपरतेवा प.ह.नं. 13 रा.नि.मं. व तहसील छुरा जिला गरियाबंद (छ.ग.) ने अपने स्वयं/ माता/ पिता/ पुत्र/पुत्री/भाई/बहन सुखऊ राम के जन्म प्रमाण पत्र/मृत्यु प्रमाण पत्र 01 वर्ष की अवधि के अंदर पंजीयन नहीं कराने के कारण विलंबित जन्म-मृत्यु का पंजीयन किये जाने हेतु उप पंजीयक (जन्म-मृत्यु) को आदेशित करने बाबत (जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की धारा 13(3) एवं छ.ग. जन्म मृत्यु रजि. नियम 201 के नियम 9 (3) के प्रयोजन हेतु) शपथ पत्र मय अनुपलब्धता प्रमाण सहित प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति/ संस्था/शासकीय/अर्द्ध शासकीय निकाय या अन्य संस्था को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 07/07/2026 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जावेगा।यह उद्घोषणा आज दिनांक 23/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
छुरा

**आरोप : विधायक ने पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर सुनीं समस्याएं**

# कागजों पर डबल इंजन का विकास जमीन पर जनता प्यासी : जनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के बीहड़ जंगल पहाड़ी क्षेत्र मे बसे विशेष पिछड़ी जनजाति ग्रामो का आज शुक्रवार को सुबह से विधायक जनक ध्रुव ने सघन दौरा किया। इस दौरान ग्राम कमार भौदी, दसपुर, डूमरबहाल, तुहामेटा, दांतबाय ग्रामों मे विधायक के पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका आत्मीयता से स्वागत किया। विधायक जनक ध्रुव पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। इस दौरान क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या इन दिनों पेयजल को लेकर भारी परेशानियों का सामना ग्रामीणों को करना पड़ रहा है। कई ग्राम और पारा टोला के लोग झरिया का पानी पीने मजबूर हो रहे है साथ ही क्षेत्र के कई ग्रामों मे बिजली नहीं होने से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल नहीं होने के कारण बच्चे शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। उक्त सभी समस्याओं को विधायक जनक ध्रुव ने गंभीरता से सुना और संबंधित अफसरों से मुलाकात कर जल्द समस्या समाधान करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया की अब बारिश लगने वाली है गांवों में बिजली नहीं है। कहीं सौर उर्जा लगाया गया है उसकी स्थिति बेहद खराब है सबसे ज्यादा परेशानी बारिश के दिनो मे जीव जन्तुओं एवं जहरीले सर्प बिच्छु के लोग शिकार होते है ग्रामीणों ने सौर उर्जा सिस्टम को तत्काल सुधार करवाने की मांग किया वहीं कुछ गांव से स्कूल की दूरी 3 से 4 किमी होने के कारण आदिवासी बच्चे प्रारंभिक शिक्षा से वंचित हो रहे है ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के बाद विधायक जनक ध्रुव ने अपने संबोधन मे कहा क्षेत्र की जो भी समस्या है सभी समस्याओं का समाधान किया जायेगा उन्होने कहा इन समस्याओं को लेकर संबंधित विभाग के अफसरो से मुलाकात करूंगा और जरूरत पड़ने पर मंत्री तथा मुख्यमंत्री को भी अवगत करायेंगें श्री ध्रुव ने कहा इस क्षेत्र की जनता आजादी के बाद से बुनियादी सुविधाओं को तरस रहे है एक तरफ राज्य और केन्द्र की डबल इंजन सरकार सिर्फ कागजी विकास के दावे कर रही है लेकिन जमीनी हकीकत इसके विपरित है गांव के लोगो को पीने के लिए पानी नसीब नही हो रहा है तो यहां अन्य विकास की बात पूरी तरह छोड़ दीजिए।



**ग्रामीणों के साथ किया भोजन**

विधायक जनक ध्रुव ने गांव के घर -घर पहुंचकर लोगों से मुलाकात किया इस दौरान आवास निर्माण के साथ ही सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धा पेंशन व राशन कार्ड जैसे समस्याओं से भी ग्रामीणों ने अवगत कराया ग्रामीणों के आव्हान पर उनके घर मे भोजन किया जिससे ग्रामीण खुशी से गदगद हो गए और विधायक जनक ध्रुव को ग्रामीणों ने परंपरा अनुसार भेंट सम्मान प्रदान किया। विधायक ने कई गांवों में सीसी रोड, रंगमंच निर्माण, हैण्डपंप खनन, उपस्वास्थ्य केन्द्र खोलवाने की घोशणा भी किया है। इस मौके पर प्रमुख रूप से सरपंच संघ अध्यक्ष कोमल ध्रुव, दसपुर सरपंच नरेन्द्र ध्रुव, सरपंच प्रतिनिधि कैलास राम नेताम, अर्जुन जगत, हलधर जगत, हुमन सिंह, कुमार साय, दुर्पत, तरूण सिंह, बालाराम, भगवान सिह, गंभीर सिंह, सीताराम, प्रेमसिंह, खामसिंह, राजाराम, धनेश, बनसिंह, सुबेसिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। वहीं सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल तैनात किये गये थे।

## 23 लाख की सीसी रोड निर्माण योजना अधर में, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला

ग्राम हीराबतर में मंडी बोर्ड द्वारा लगभग 23 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया है। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि इस सड़क के निर्माण से वर्षों पुरानी आवागमन की समस्या दूर होगी, लेकिन ठेकेदार की लापरवाही के चलते निर्माण कार्य शुरू होने से पहले ही ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है।जानकारी के अनुसार, ठेकेदार द्वारा करीब एक माह पहले गांव के बीच बजरंग चौक एवं मुख्य मार्ग पर गिट्टी और रेत का ढेर डाल दिया गया, वहीं वार्ड क्रमांक 08 की गली में खुदाई कर कार्य अधूरा छोड़ दिया गया। इसके बाद से अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है।गांव के बीच मुख्य मार्ग पर निर्माण सामग्री पड़े रहने से राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों, स्कूली बच्चों, बुजुर्गों एवं ग्रामीणों को प्रतिदिन आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में यह स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर बिखरी गिट्टी और अधूरी खुदाई के कारण कभी भी दुर्घटना हो सकती है।ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले करीब 15 दिनों से ठेकेदार द्वारा लगातार /"आज-कल में काम शुरू होगा/" कहकर आश्वासन दिया जा रहा है, लेकिन धरातल पर अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा



रही है।ग्रामीणों ने संबंधित विभाग एवं जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए निर्माण एजेंसी को तत्काल कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए जाएं तथा निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाए, ताकि आम जनता को हो रही परेशानियों से राहत मिल सके।ग्रामीणों का कहना है कि शासन द्वारा विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपये स्वीकृत किए जाते हैं, लेकिन यदि निर्माण एजेंसियां समय पर कार्य शुरू नहीं करेंगी तो विकास कार्यों का उद्देश्य ही प्रभावित होगा। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया तो वे संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर आंदोलन का रास्ता अपनाने पर भी विचार करेंगे।

## अवैध शराब पर रोक लगाने दुकान को पुनः चालू करने सरपंच को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डुका

ग्राम पंचायत पांडुका में शुक्रवार को आयोजित ग्राम सभा में शराब दुकान को लेकर एक बार फिर ग्रामीणों की राय खुलकर सामने आई। ग्राम सभा के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हुए और गांव में शराब दुकान को पुनः संचालित किए जाने की मांग करते हुए सरपंच भानु ध्रुव को सामूहिक आवेदन सौंपा।



ग्रामीणों का कहना है कि शराब दुकान बंद होने के बाद क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री बढ़ गई है, जिससे कानून-व्यवस्था और सामाजिक माहौल प्रभावित हो रहा है। उनका कहना था कि अधिकृत दुकान के संचालन से अवैध कारोबार पर रोक लगाने में मदद मिलेगी तथा शासन को राजस्व की भी प्राप्ति होगी। ग्राम सभा में मौजूद सैकड़ों ग्रामीणों ने एकमत होकर अपनी मांग का समर्थन किया और प्रशासन से इस विषय पर सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की। आवेदन में शराब दुकान को पुनः संचालित करने की मांग करते हुए आवश्यक कार्रवाई किए जाने का आग्रह किया गया। इस दौरान सरपंच सुश्री भानु ध्रुव ने ग्रामीणों से प्राप्त आवेदन स्वीकार करते हुए कहा कि ग्राम सभा में रखी गई जनभावना एवं प्रस्ताव को नियमानुसार संबंधित विभाग और प्रशासन के समक्ष भेजा जाएगा, ताकि शासन स्तर पर आवश्यक निर्णय लिया जा सके। ग्राम सभा में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि एवं पंचायत के पदाधिकारी उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान शांतिपूर्ण वातावरण में ग्रामीणों ने अपनी बात रखी और सामूहिक रूप से अपनी मांग प्रशासन तक पहुंचाने का निर्णय लिया।

## चरभट्टी ग्राम सभा में हंगामा : पीएम आवास की सूची में चहेतों को लाभ देने का आरोप

**छुईहा बेलर**। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों की सूची को लेकर 24 जून 2026 को आयोजित ग्राम सभा में जमकर झिकझिक और हंगामा देखने को मिला। ग्राम पंचायत चरभट्टी में आयोजित बैठक के दौरान कई ग्रामीणों ने सर्वे प्रक्रिया और पात्रता सूची पर गंभीर सवाल उठाए। ग्राम सभा में 235 नामो का सार्वजनिक पठन किया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि सूची में ऐसे लोगों के नाम शामिल कर दिए गए हैं, जो पहले ही प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्राप्त कर चुके हैं। वहीं अविवाहित युवाओं और आवास मित्र के परिवार के कई सदस्यों के नाम भी सूची में होने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। चरभट्टी निवासी नोमेश्वर साहू जो शारिरिक दिव्यांगता ने रोजगार सहायक बेदू साहू द्वारा किए



गए सर्वे भारी अनियमितता का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी पत्नी जामबाई का सर्वे होने के बावजूद कथित रूप से आवेदन निरस्त करा दिया गया। जिसकी शिकायत कलेक्टर से करने की बात कही है। मनचाहे चहेतों के नाम सूची में जोड़ दिए गए। नोमेश्वर साहू ने यह भी बताया कि पूर्व में उनकी माता सेवती साहू के नाम पर आवास स्वीकृत हुआ था, लेकिन उनके निधन के बाद वारिस के नाम आवास स्थानांतरित करने की मांग पर भी पंचायत ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके अलावा उन्होंने शौचालय निर्माण की प्रोत्साहन राशि नहीं मिलने का भी आरोप लगाया। इस तरह मेरे साथ पंचायत भेदभाव कर रहा है। ग्राम सभा में उठे इन आरोपों के बाद ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे एवं चयन प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। इधर रोजगार सहायक बेदू साहू ने कहा कि हितग्राही नोमेश्वर साहू की पत्नी जामबाई ने एक खुरवा के साथ फोटो जिरो टेकिंग कराया है। जिससे उनकी निरस्त होने की सम्भावना बनी।

## सब्जियां महंगी, 1 हजार रुपए में भी नहीं भर रहा झोला

**नवापारा-राजिम**। शहर के सब्जी बाजार में इन दिनों महंगाई का असर साफ दिखाई दे रहा है। हाथ में झोला लेकर सब्जी खरीदने पहुंचे लोग एक पसरा से दूसरा पसरा तक अच्छी ताजी और सस्ती सब्जी की तलाश में भटकते नजर आते हैं, लेकिन हालात ऐसे हैं कि हजार रुपये खर्च करने के बाद भी झोला पूरा नहीं भर पा रहा है। बढ़ती कीमतों ने आम परिवारों की रसोई का बजट पूरी तरह गड़बड़ा दिया है। सब्जियों की कीमतों ने गृहिणियों की चिंता बढ़ा दी है। सब्जी का स्वाद और सुगंध बढ़ाने वाली धनिया पत्ती दो सौ रुपये किलो तक बिक रही है। हालांकि टमाटर के दाम में कुछ राहत मिली है। कुछ दिन पहले 65 से 70 रुपये किलो बिकने वाला टमाटर गुरुवार को करीब 30 रुपये किलो के भाव पर पहुंच गया। वहीं हरी मिर्च 100 रुपये किलो बिक रही है। बाजार में भटा, गोभी, बरबट्टी, कुंदरू ,करेला, मूली, कुम्हड़ा, लौकी, मुनगा,कोचई ,तोरई , ढेंस ,सफेद भटा,खट्टा भटा, कटहल जैसी सदाबहार सब्जियों के दाम मांग और आवक के अनुसार ऊपर-नीचे होते रहते हैं। लेकिन इन दिनों लोगों की निगाहें बरसात के मौसम में जंगलों से



आने वाली विशेष सब्जियों पर टिकी हुई हैं। बरसात शुरू होते ही बाजार में बोड़ा और फुटू की मांग बढ़ जाती है। इन दोनों वन उपजों को ग्रामीण अंचलों में बेहद पसंद किया जाता है। इसके अलावा लोगों को खेखसी का भी बेसब्री से इंतजार है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जैसे ही बोड़ा,फुटू और खेखसी बाजार में पर्याप्त मात्रा में पहुंचेंगे, लोग कुछ समय के लिए पारंपरिक सब्जियों को भूल जाएंगे और इन मौसमी स्वादों का आनंद लेंगे। फिलहाल स्थिति यह है कि सब्जियों की बढ़ती कीमतें आम उपभोक्ताओं को रुला रही हैं। महंगाई का सीधा असर रसोई पर पड़ रहा है और परिवारों को अपनी जरूरतों में कटौती करनी पड़ रही है। बाजार में चर्चा का विषय केवल एक ही है-सब्जी के बढ़ते दाम और खाली होता जेब का बजट।

**पेज 9 के शेष...**

### 18 साल से...

टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि लंबे समय से फरार नौशाद अली नागपुर में रह रहा है। सूचना की पुष्टि होने के बाद पुलिस टीम तत्काल नागपुर रवाना हुई और योजनाबद्ध कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस जांच में सामने आया है कि नौशाद अली केवल गरियाबंद ही नहीं, बल्कि दुर्ग और राजनांदगांव जिलों में भी आपराधिक मामलों में वांछित है। उसकी गिरफ्तारी से इन जिलों में दर्ज मामलों की जांच और कार्रवाई में भी पुलिस को मदद मिलने की उम्मीद है। गरियाबंद पुलिस के अनुसार जिले में फरार एवं स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। 18 वर्षों से फरार इस आरोपी की गिरफ्तारी पुलिस की सूचना तंत्र और रणनीतिक कार्रवाई की बड़ी सफलता मानी जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कानून से बचने की कोशिश करने वाले अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा और ऐसे सभी फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

### कारीमाट्टी में डबरी...

कर दी। जानकारी के अनुसार मृतक पिछले कई महीनों से मानसिक तनाव से गुजर रहा था। करीब 6 से 8 माह पहले घरेलू विवाद के बाद उसकी पत्नी घर छोड़कर चली गई थी। इसके बाद से वह अपने तीन मासूम बच्चों और परिवार से अलग थलग होकर इधर-उधर भटकता रहता था। ग्रामीणों का कहना है कि उसकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं थी और वह अक्सर परेशान नजर आता था। लोगों के मुताबिक घटना से पहले सुरेश को गांव के आसपास नशे की हालत में घूमते देखा गया था। प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि नशें की हालत में वह डबरी में गिर गया होगा, जिससे उसकी डूबने से मौत हो गई। हालांकि पुलिस ने फिलहाल किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से इन्कार किया है। पुलिस का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल शव का पंचनामा कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है तथा मामले के सभी पहलुओं की बारीकी से जांच की जा रही है। सुरेश यादव अपने पीछे तीन बच्चों को छोड़ कर चला गया। जिनके सिर से पिता का साया उठ गया। घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई है।

### मोंगरा में सरपंच...

पहचान है। जब तक हम स्वयं अपने हाथों से खेत में मेहनत नहीं करेंगे, तब तक अन्न के महत्व को पूरी तरह नहीं समझ सकते। वहीं उपसरपंच पिलमराम नेताम ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी खेती-किसानी से दूर होती जा रही है। ऐसे समय में युवाओं को खेती के महत्व और श्रम के सम्मान से जोड़ना आवश्यक है। ग्राम मोंगरा की यह पहल क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि जो जनप्रतिनिधि स्वयं खेत में श्रम करते हैं, वे किसानों की समस्याओं और जरूरतों को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं। गांव के सरपंच और उपसरपंच द्वारा खेती-किसानी से जुड़े रहने की यह पहल छत्तीसगढ़ की कृषि परंपरा, श्रम संस्कृति और ग्रामीण जीवन मूल्यों को सशक्त करने का कार्य कर रही है। क्षेत्रवासियों ने दोनों जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए अच्छी फसल की कामना की है।



**खबर संक्षेप**



## युवाओं ने रोपे बरगद व पीपल के दर्जनों पौधे

मुड़ागांव (कोरासी)। छुरा विकासखंड के ग्राम खड़मा में युवाओं ने पर्यावरण संरक्षण का सराहनीय संदेश देते हुए तालाबों एवं सार्वजनिक मैदानों में बरगद और पीपल के दर्जनों पौधों का रोपण किया। पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनके चारों ओर सुरक्षा घेरा भी बनाया गया। युवाओं ने बताया कि वे हर वर्ष वर्षा ऋतु में वृक्षारोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ एवं हरित बनाने का संकल्प निभाते हैं। उनका उद्देश्य आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना तथा जल संरक्षण और जैव विविधता को बढ़ावा देना है। इस अभियान में प्रमुख रूप से गौरव नंदे, रुपेश ध्रुव, रवि साहू, भूषण ध्रुव, टेमन यादव, दिलीप विश्वकर्मा, तामसिंह, विकास ध्रुव सहित अन्य युवा शामिल रहे। ग्रामीणों ने युवाओं की इस पहल की सराहना करते हुए अधिक से अधिक लोगों से वृक्षारोपण एवं पौधों के संरक्षण में भागीदारी की अपील की।

## देवसरा में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन



**मुड़ागांव (कोरासी)।** जनपद पंचायत छुरा के ग्राम पंचायत करचाली के आश्रित ग्राम देवसरा में 15वें वित्त आयोग मद से स्वीकृत सीसी रोड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन कर शुभारंभ किया गया। जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर ने भूमि पूजन कर निर्माण कार्य की शुरुआत की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत करचाली के सरपंच चेमिन दीवान, उपसरपंच तुकाराम दीवान, भाजपा युवा नेता एवं पंचायत प्रतिनिधि भानुप्रताप साहू, पंचगण, मातृशक्ति तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सीसी रोड निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी।

## कांग्रेस के महासचिव वेणु गोपाल का स्वागत

**अभनपुर।** अभनपुर मे आयोजित संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर मे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव एवं सांसद केसी वेणु गोपाल का कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व अध्यक्ष धनेन्द्र साहू के नेतृत्व मे अभनपुर के वरिष्ठ पदाधिकारियो द्वारा स्वागत किया गया इस अवसर पर पीसीसी सचिव प्रवीण साहू, ब्रम्हानंद ठाकुर,ब्लॉक अध्यक्ष भोलाराम सोनवानी,गिरधारी साहू, रामा यादव,जिपं. सदस्य यशवंत साहू,अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे,पालिका उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी,धनराज मध्यानी,जीत सरदार,नीलकमल गिलहरे,सुनील कौशल,तरूणा शुक्ला,शीला कलड़ा,गिरधारी साहू ,राकेश सोनकर,सौरभ शर्मा ,रेवती यादव,चंन्द्रहास साहू,निम्बा निम्बेकर,दीक्षा राठी,गंगा हिम्मत कौर,देवनंदनी साहू, गोपेश धुरव सहित क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारी शामिल रहे।

### पर्व : हजरत इमाम हुसैन की याद में मैनपुर में मनाई गई मोहर्रम का पर्व

# सच्चाई और हक पर चलने का नाम हुसैन है : मौलाना सिब्तैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



तहसील मुख्यालय नगर में मुस्लिम समाज द्वारा मोहर्रम के अवसर पर 10 दिनों तक रजा मस्जिद में मौलाना सिब्तैन रजा द्वारा हजरत इमाम हुसैन की याद में नुरानी तकरीर पेश किया गया। आज दसवां मोहर्रम शुक्रवार को सुबह 8.30 बजे रजा मस्जिद में यौमें आशूरा के अवसर पर विशेष नमाज अदा कर प्रदेश व देश में अमन चैन खुशहाली की दुआ मांगी गई। मुस्लिम समाज के लोग कब्रिस्तान पहुंचकर अपने मरहूमों के कब्रों में फूल और ईत्र चढ़ाकर फातिहा पढ़ी। वही हजरत इमाम हुसैन की याद में मुस्लिम समाज के लोगो द्वारा अपने अपने घरो में फातिहा खानी कर लंगर और शरबत का वितरण किया गया। मैनपुर रजा मस्जिद में मोहर्रम का माह प्रारंभ होते ही प्रतिदिन रात 09 बजे से तकरीर का प्रोग्राम आयोजित किया गया जो 10 मोहर्रम तक लगातार चला इस दौरान मौलाना सिब्तैन रजा ने अपने नुरानी तकरीर पेश करते हुए कहा कि सच्चाई और हक पर चलने का नाम हुसैन है, दिन के हिफाजत कर अपने पुरे खानदान की कुर्बानी देकर दुनिया के सामने मिशाल पेश करने वाला का नाम हुसैन है, हम अगर सच्चे हुसैनी है तो मजिस्दों को अपने सजदों से रौनक करे इससे हमारी दुनिया और आखरत दोनों संवर जायेगी। मौलाना ने आगे कहा इमाम हुसैन की शहादत किसी एक कौम के लिए नही बल्कि पुरी इंसानियत के लिए था उन्होने पूरे दुनिया को सिखाया जब बात सिध्दांतो और हक के लिए हो तो तादात मायने नही रखती बल्कि बुलंद हौसला और खुदा पर अटुट भरोसा मायने रखता है मोहर्रम केवल मातम का महिना नही है बल्कि यह जुल्म के खिलाफ आवाज उठाने और हक (संच्चाई) पर डटे रहने का पैगाम है।

**10वां मोहर्रम को मुस्लिम समाज द्वारा आम लंगर का आयोजन-** मैनपुर मुस्लिम समाज द्वारा आज शुक्रवार को आम लंगर का आयोजन किया गया जिसमें पूरे नगर और मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या मे पहुंचे इस मौके पर प्रमुख रूप से मौलाना सिब्तैन रजा, पेश ईमाम दिलसार आलम, हाजी रफीक मेमन, हाजी गुलाम मेमन, हाजी हुसैन मेमन, हाजी सत्तार मेमन, हाजी शब्बीर मेमन, हाजी गफ्फू मेमन, हाजी इलियास मेमन, हाजी वल्ली मोहम्मद धन्नाड़ी, हाजी सरफराज मेमन, हाजी कादिर मेमन, जाहिद रजा, हैदर मेमन, शेख हुसैन, अनीश सोलंकी, गोलू मेमन, सुल्तान मेमन, नदीम भाई, इकबाल भाई, गुलाम रसूल बेग, अहमद बेग, जुनैद रजा, शेख हसन खान, अहसन मेमन, इम्तियाज मेमन, शेख खलील खान, सिकंदर भाई, असलम भाई, आकिस खान, रब्बू भाई, जावेद मेमन, आसिफ मेमन, जब्बीर खान, नजीब बेग, रिजवान भाई, मकसूद अली एवं बड़ी संख्या मे मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित थे।

## छुरा में एल्डरमैनों की नियुक्ति भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा प्रदेश के विभिन्न नगरीय निकायों में एल्डरमैनों की नियुक्ति की घोषणा की गई है। इसी कड़ी में नगर पंचायत छुरा में भी एल्डरमैनों की नियुक्ति की गई है। विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष तुलाराम साहू, वरिष्ठ कार्यकर्ता सफर सचदेव तथा धर्मेंद्र चंद्राकर को नगर पंचायत छुरा का एल्डरमैन नियुक्त किया गया है। एल्डरमैन नियुक्ति की घोषणा होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। नगर के भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त एल्डरमैनों का स्वागत किया तथा उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। नव नियुक्त एल्डरमैनों ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश नेतृत्व, पार्टी संगठन, क्षेत्रीय विधायक, जिला एवं मंडल स्तर के पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास किया जाएगा तथा नगर के विकास एवं जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता तुलाराम साहू ने कहा कि संगठन ने जो दायित्व सौंपा है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर के विकास, नागरिक सुविधाओं के विस्तार एवं जनसमस्याओं के निराकरण के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। वहीं सफर सचदेव एवं धर्मेंद्र चंद्राकर ने भी पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वे नगर पंचायत के विकास के लिए जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के साथ समन्वय स्थापित कर बेहतर कार्य करने का प्रयास करेंगे। भाजपा मंडल छुरा के पदाधिकारियों, नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने नव नियुक्त एल्डरमैनों को बधाई देते हुए कहा कि अनुभवी और सक्रिय कार्यकर्ताओं को यह जिम्मेदारी मिलने से नगर विकास को नई दिशा मिलेगी। कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी एल्डरमैन नगर के सर्वांगीण विकास एवं जनहित के कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। नगर पंचायत छुरा में एल्डरमैनों की नियुक्ति को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है तथा पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार नव नियुक्त सदस्यों को शुभकामनाएं दी जा रही हैं।



## क्षेत्र के विकास के लिए जरूरत पड़ी तो आंदोलन को भी तैयार : विधायक ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक आज गुरूवार को मैनपुरकला पंचायत मे सीसी रोड़ निर्माण भूमिपूजन किया और कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस दौरान विधायक जनक ध्रुव ने कहा की क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। कही कोई परेशानी नहीं होगी। बड़े मांगों के लिए जरूरत पड़ी तो आंदोलन भी करने के लिए तैयार है। इस मौके पर सरपंच गज्जु नेगी, उपसरपंच सुधीर राजपूत, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, सेवकराम मरकाम, पुरूशोत्तम नागेश, रामसिंग नेगी, शंकर लाल मरकाम, हेमलाल मरकाम, कुशल मरकाम, चिंताराम नेगी, हुलार नेगी, बिरेन्द्र मरकाम, बलराम मरकाम, धनसाय नेगी, पप्पु नागेश, रेखराम नागेश, पुरन राजपूत, कुबेर नागेश, बिरेन्द्र राजपूत, विनोद त्रिपाठी, टीकम नागेश, बबलु नेगी सहित बड़ी संख्या मे ग्रामवासी उपस्थित थे।



## भेण्डरी में 558 पीएम आवासों की मिली मंजूरी, हितग्राहियों की सूची का अनुमोदन

**नवापारा-भेण्डरी।** ग्राम पंचायत भेण्डरी में 558 प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिए हितग्राहियों का अनुमोदन हुआ। इस अवसर पर सरपंच राजेश्वरी पटेल, पूर्व सरपंच प्रीतराम देवांगन, पंचगण एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में मौजूद थे।



## पोंड में 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ और प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की धूम, उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका





24 जून से 26 जून 2026 तक ग्राम पोंड में आयोजित किया जा रहा है । प्रथम दिवस कल भव्य मंगल जल कलश यात्रा निकल गई, जिसमें ग्राम पोंड एवं आसपास के लगभग 30-35 गांव से श्रद्धालु माता बहनें मंगल कलश यात्रा में शामिल हुई। शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे हुए ऋषि पुत्रों की टोली के द्वारा परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के द्वारा चलाए जा रहे युग निर्माण योजना के संबंध में विस्तार से क्षेत्रवासियों को बताया गया। सभी से आह्वान किया गया कि व्यसनों को छोड़कर संस्कार पूर्ण जीवन हम सभी जीवन जियें। पर्यावरण की रक्षा करें। जैविक कृषि, साधना, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन आदि आंदोलन के बारे में क्षेत्र वासियोंयो में नयी जन चेतना, ऊर्जा का उत्साह किया गया। ग्राम पोंड के लिए यह अद्भुत अवसर है।

आज दिनांक 25 जून 2026 गायत्री माता के भव्य मंदिर में पुनः मूर्ति प्राण प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन ब्रह्म मुहूर्त में किया गया साथ ही 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में आसपास के लगभग 40-45 ग्रामों से भक्त-गण उपस्थित हुए। क्षेत्र के पूर्व सांसद द्वय परम आदरणीय चंदूलाल साहू जी एवं चुन्नीलाल साहू जी की गरिमामय में उपस्थित में यज्ञ संपन्न हुआ संपन्न हुआ। भव्य मंदिर के नवनिर्माण हेतु दोनों का अमूल्य योगदान मिला है। जिसको ग्राम के लोग नहीं भूल पाएंगे। भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया । कल दिनांक 26 जून 2026 को यज्ञ का अंतिम दिवस 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न होगा ।जिसमें गर्भवती माता का पुंसवन संस्कार, मुंडन संस्कार ,विद्यारंभ संस्कार, जन्म दिवस उत्सव, विवाह दिवस उत्सव, गायत्री मंत्र दीक्षा, आदि संस्कार निशुल्क संपन्न किए जाएंगे। कार्यक्रम की तैयारी में राजिम फिंगेश्वर ब्लॉक गरियाबंद छूरा क्षेत्र के सभी गायत्री परिजनों का अमूल्य योगदान रहा है। संगठन के प्रमुख श्री रोमन लाल चंद्राकार एवं श्री टीकमराम साहू जी के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम लगातार संपन्न हो रहा है।














विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### एल्डरमेन की सूची में ब्राह्मण समाज की अनदेखी : शर्मा

**नवापारा-राजिम।** प्रदेश के नगर निगमों एवं नगरपालिकाओं में एल्डरमेन की घोषणा के बाद नगर पालिका नवापारा में ब्राह्मण समाज को प्रतिनिधित्व नहीं



मिलने से समाज में गहरा असंतोष व्याप्त है। समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों ने इसे चुनाव पूर्व किए गए वादों की अनदेखी बताते हुए नाराजगी जाहिर की है। जानकारी के अनुसार, नगर पालिका चुनाव के दौरान नीलकंठ महादेव मंदिर परिसर में ब्राह्मण समाज की एक बैठक आयोजित हुई थी। बैठक में विधायक इंद्रकुमार साहू, प्रभारी अंजय शुक्ला एवं मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान पालिका चुनाव में सहयोग मांगकर समाज को आश्वस्त किया गया था कि समाज के एक व्यक्ति को एल्डरमैन का पद देंगे। समाज के लोगों का कहना है कि उन्होंने पार्टी और प्रत्याशियों के पक्ष में पूरी निष्ठा से कार्य किया, लेकिन एल्डरमेन की सूची जारी होने पर समाज के किसी भी व्यक्ति को स्थान नहीं दिया गया। इससे समाज में गहरी निराशा और रोष का माहौल है।

### छुरा के योगाचार्य मिथलेश को मिला इंडिया स्टार बेस्ट योगा टीचर अवार्ड

**छुरा।** नगर के प्रसिद्ध योगाचार्य, समाजसेवी एवं पतंजलि युवा भारत के राज्य सोशल मीडिया प्रभारी मिथलेश कुमार सिन्हा को योग, स्वास्थ्य जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उनके



उल्लेखनीय योगदान के लिए इंडिया स्टार बेस्ट योगा टीचर अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान हरियाणा के गुरुग्राम स्थित राष्ट्रीय स्तर की संस्था इंडिया स्टार वर्ल्ड रिकॉर्ड जो संबद्ध है (कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय भारत सरकार) द्वारा प्रदान किया गया। संस्था द्वारा जारी प्रमाण-पत्र के अनुसार योगाचार्य मिथलेश कुमार सिन्हा को योग शिक्षा, निःशुल्क योग प्रशिक्षण, जनस्वास्थ्य जागरूकता तथा समाज सेवा के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया। इंडिया स्टार वर्ल्ड रिकॉर्ड की प्रथम संपादक वीणा अग्रवाल ने योगाचार्य मिथलेश कुमार सिन्हा को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि मिथलेश कुमार सिन्हा द्वारा विगत 12 वर्षों से योग, स्वास्थ्य जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि योगाचार्य मिथलेश भविष्य में भी इसी समर्पण एवं निष्ठा के साथ समाजहित में कार्य करते रहेंगे तथा योग और पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाएंगे।

**अपील : बस स्टैंड में पुलिस की चौपाल, नशामुक्ति, साइबर सुरक्षा एवं महिला सुरक्षा पर किया जागरूक**

# लोभ-लालच और अज्ञात लिंक से बचें : टीआई

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के निर्देशन में थाना छुरा द्वारा जनजागरूकता अभियान के तहत नगर के बस स्टैंड परिसर में विशेष चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, ग्रामीणजनों एवं आम नागरिकों को नशामुक्ति, साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, सड़क सुरक्षा एवं विभिन्न कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर सिंह गंगवाल ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक एवं सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों को ऑनलाइन ठगी से बचने के उपाय बताते हुए कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी, बैंक खाता संबंधी जानकारी, एटीएम कार्ड नंबर, सीवीवी, पासवर्ड अथवा अन्य गोपनीय जानकारी साझा न करें।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे इंस्टाग्राम, फेसबुक, ट्विटर (एक्स) एवं व्हाट्सएप का सुरक्षित उपयोग करने की अपील करते हुए बताया कि अज्ञात लिंक पर क्लिक करने, फर्जी आईडी से दोस्ती करने तथा लालच भरे संदेशों पर विश्वास करने से बचना चाहिए। किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी गई।



**लौह पुरुष सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि**

चौपाल में नशामुक्ति अभियान के तहत युवाओं एवं नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार एवं समाज को खोखला कर देता है। युवाओं को नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल एवं सकारात्मक गतिविधियों में भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया गया। महिला सुरक्षा विषय पर आयोजित सत्र में महिलाओं एवं छात्राओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। बच्चों को गुड टच और बैड टच की जानकारी देते हुए बताया गया कि किसी भी प्रकार की अनुचित हरकत होने पर तत्काल अपने माता-पिता, शिक्षक अथवा पुलिस को सूचित करें। इस दौरान महिला अभिव्यक्ति एप, डायल 112 सहित अन्य आपातकालीन सेवाओं की जानकारी देकर उनका उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

**नियमों का पालन करने की दी समझाइश**

सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के संबंध में लोगों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने, नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने तथा यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई। इस अवसर पर देश के लौह पुरुष सरदार पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर सिंह गंगवाल, प्रधान आरक्षक जय प्रकाश मिश्रा, महिला आरक्षक शशि कौशिक, महिला सैनिक यशोदा हरपाल, समाजसेवी शीतल ध्रुव, देवनारायण, चैतूराम, प्रमोद नागेश सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, ग्रामीणजन एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

## राजिम त्रिवेणी संगम की धार थमी, बारिश का इंतजार



**राजिम।** छत्तीसगढ़ के प्रयागराज के रूप में प्रसिद्ध राजिम संगम की धार इस बार मानसून की बेरुखी से पूरी तरह सूख चुका है। बारिश के मौसम में जहां हर साल जून के अंतिम सप्ताह तक महानदी, पैरी और सोंढूर नदी ऊफान पर रहती थीं, वहीं इस बार तीनों नदियों की धार लगभग सूख चुकी है। संगम क्षेत्र में निस्तारी के लिए भी बहुत कम पानी मुश्किल से बचा है, जिससे स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ गई है। बीते वर्षों में जून के आखिरी सप्ताह तक लगातार वर्षा होने से संगम का मनोहारी दृश्य देखने को मिलता था और कई बार बाढ़ जैसी स्थिति भी बन जाती थी। लेकिन इस वर्ष मानसून के समय पर नहीं पहुंचने और पर्याप्त वर्षा नहीं होने से नदी की धार थम गई है। नदी के बीचों-बीच रेत के टीले उभर आए हैं और कई स्थानों पर पानी की पतली धार ही दिखाई दे रही है। इसका असर केवल प्राकृतिक सौंदर्य पर ही नहीं, बल्कि आसपास के गांवों के लोगों, पशुओं और किसानों पर भी पड़ रहा है। निस्तारी, सिंचाई और भूजल स्तर पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जा रही है। संगम पर आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को भी इस बार सूनी और प्यासी नदी का दृश्य देखने को मिल रहा है। क्षेत्र के लोगों की निगाहें अब आसमान पर टिकी हैं। सभी को उम्मीद है कि मानसून जल्द सक्रिय होगा और अच्छी बारिश से तीनों नदियां फिर से लबालब भरेंगी। फिलहाल राजिम संगम की सूखी धारें समय पर बारिश नहीं होने के गंभीर संकेत दे रही हैं।

## पितईबंद स्कूल में नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला पितईबंद में नवप्रवेशी बच्चो का मुंह मीठा कराकर पुष्पहार से स्वागत किया गया। प्राचार्य राजेन्द्र नाग ने पालकों से आग्रह किया कि बच्चो की पढ़ाई में जरूर ध्यान देवे। संकुल समन्वयक किरण साहू ने कहा कि सरकारी विद्यालय में भी अच्छी पढ़ाई होती है शिक्षक बहुत ही मेहनत करते है इसी का परिणाम है कि हमारे ब्लाक से नवोदय विद्यालय में 20 में 17 बच्चो का चयन सरकारी विद्यालय से हुआ है। सरपंच प्रतिनिधि सहदेव बंजारे ने कहा कि विद्यालय में प्रवेश के साथ जीवन की नई शुरूवात हो रही है। बच्चे अपने माता पिता और गुरु का सम्मान करे। साथ ही सभी कक्षाओं



में उत्कृष्ठ स्थान लाने वाले बच्चो को सम्मान करने की बात कही। सरपंच गोदावरी बंजारे ने कहा हमेशा अच्छे विद्यार्थी बनने का प्रयास करना चाहिए ताकि निरंतर आगे बढ़ सके। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संतोष साहू ने किया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेश बया, चोवा बंजारे, नंदू यदु ने संबोधित किया। प्रधानपाठक आशा ध्रुव ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से विजय महोबिया, सुनील कौशिक, शिक्षिका चंद्रप्रभा सोनवानी, योगेश्वरी साहू, आराधना नाग, भारती साहू, रुचि यादव, बसंती ध्रुव, जगदीश यादव, दानेश यदु, राजेश बंजारे, दयालु बंजारे ,बालकिशन सोनवानी, बालकदास सहित पालक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सनातन आस्था और राष्ट्र गौरव का प्रतीक है सोमनाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

गुजरात स्थित पवित्र सोमनाथ टेंपल के 1000 वर्ष पूर्ण होने के पावन अवसर पर आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा के सफल आयोजन हेतु जिले की ओर से छत्तीसगढ़ शासन एवं जनप्रतिनिधियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया गया है। जिले के श्रद्धालुओं एवं नागरिकों ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव सांय धर्मस्व एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूप कुमारी चौधरी राजिम विधायक रोहित साहू के प्रति विशेष धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया है।साथ ही जिला प्रशासन की ओर से नोडल अधिकारी के रूप में कुमार सिंग नागेश डायरेक्टर एडिटर का भी विशेष आभार। जिले वासियों ने कहा कि सोमनाथ मंदिर भारतीय संस्कृति, सनातन आस्था एवं राष्ट्र गौरव का प्रतीक है। मंदिर के 1000 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर आयोजि इस यात्रा ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करने के साथ-साथ भारतीय सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का अवसर दिया है। गरियाबंद जिले की ओर से



सभी जनप्रतिनिधियों एवं छत्तीसगढ़ शासन को इस प्रेरणादायी पहल के लिए हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भगवान सोमनाथ से प्रदेश एवं देश की सुख,समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई है।यह यात्रा सदैव भारतीय संस्कृति,स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देती रहेगी।यात्रा में शामिल हुए। जिला पंचायत सभापति लेखराज ध्रुवा,छुरा जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, जनपद अध्यक्ष सोहन ध्रुव, फिंगेश्वर जनपद अध्यक्ष इंद्राणी साहू, जनपद उपाध्यक्ष गरियाबंद लेखराम साहू, बेदराम नंदे सामाजिक कार्यकर्ता, भाजपा युवा नेता संजू साहू, सभापति जनपद फिंगेश्वर मंजू साहू, बिमला नागेश, पंच राम ध्रुव, रेणुका साहू, महामंत्री राजिम,रामेस्वरी कुर्रे, चंद्रकांता साहू,सेजल साहू, मोतिम साहू, सुखदेव साहू,भेष नारायण ठाकुर, नीलम नागेश, यादराम साहू,धान बाई साहू,निमेश साहू सहित इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## नशा मुक्ति केंद्र में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद।

अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर गुरुवार को शांति मैत्री विकास संस्थान नशा मुक्ति केंद्र, गरियाबंद में नशे के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ विशेष विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नालसा की डॉन योजना के तहत आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायपुर के निर्देशन तथा तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश बीआर साहू तथा न्यायाधीश गंगा पटेल के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर में नशे की लत से जूझ रहे युवाओं को संबोधित करते हुए न्यायाधीशों ने कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। इसके साथ ही परिवार आर्थिक संकट में घिर जाता है और समाज में व्यक्ति का सम्मान भी प्रभावित होता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं



सकारात्मक जीवन अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध कारोबार में शामिल लोगों को भी चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसे कार्यों में लिप्त व्यक्ति अंततः कानून के शिकंजे में आ जाते हैं, जिससे अवैध रूप से अर्जित संपत्ति के साथ-साथ उनका सामाजिक सम्मान और भविष्य भी नष्ट हो जाता है। शिविर में प्रतिभागियों को छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, एनडीपीएस अधिनियम तथा नशे से जुड़े अन्य कानूनी प्रावधानों की जानकारी भी दी गई। साथ ही नशा मुक्त जीवन अपनाने और समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में शांति मैत्री विकास संस्थान के प्रबंधक, स्टाफ एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे और शिविर के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान किया।

## जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी की बैठक में बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी एवं छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना जिला की संयुक्त जिला बैठक कोसमबुड़ा घाट में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में जिलेभर से पहुंचे पदाधिकारियों, सेनानियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती, सदस्यता विस्तार तथा आगामी 2028 विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की।बैठक में संगठन विस्तार को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। संगठन की आवश्यकता को देखते हुए विभिन्न पदों पर नए दायित्व भी सौंपे गए, ताकि बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। उपस्थित पदाधिकारियों ने अपने-अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा एवं सक्रियता



के साथ निर्वहन करने का संकल्प लिया, वर्ष 2028 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए प्रारंभिक रणनीति तैयार की गई। क्षेत्र की राजनीतिक परिस्थितियों, संगठन विस्तार तथा जनसंपर्क अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा हुई, पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ के हितों, जल, जंगल, जमीन, किसान, मजदूर एवं युवाओं की आवाज को मजबूती प्रदान करना है। जिला स्तरीय बैठक में प्रमुख रूप से जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी और छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के जिला अध्यक्ष भोजराम नेताम, छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना उपाध्यक्ष महावीरा ध्रुव, हरीश हरित, तेजराम मरकाम, निशांत साहू, चोखेलाल साहू, भानु प्रताप, पुरण निर्मलकर, भुनेश्वर ठाकुर, लिकेश साहू, पुष्कर यादव, पुष्पराज साहू, अजय ठाकुर, कलाराम नेताम के साथ ही छुरा, फिंगेश्वर, राजिम, गरियाबंद के अन्य पदाधिकारी व बड़े संख्या में जुड़े हुए सेनानी उपस्थिति रहें।

**राष्ट्र का सम्मान है लोकतंत्र सेनानियों का आदर : रूपकुमारी चौधरी**

# आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय : गिरीश

हरिभूमि न्यूज ⏭ 000000

भारतीय जनता पार्टी जिला गरियाबंद द्वारा गुरुवार को ग्राम पंचायत कुरूद में 25 जून 1975 को लागू आपातकाल की स्मृति में संविधान हत्या दिवस के तहत सम्मेलन एवं मीसा बंदियों तथा उनके परिजनों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों भाजपा पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। इस दौरान मीसा बंदियों एवं उनके परिजनों का शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता गिरीश उपासने ने आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय बताते हुए कहा कि उस दौर में लोकतंत्र सेनानियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विपक्षी नेताओं को मीसा कानून के तहत जेलों में बंद किया गया। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाए गए और समाचार पत्रों पर सेंसरशिप लागू की गई। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले मीसा बंदियों का योगदान देश कभी नहीं भूल सकता।

सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि लोकतंत्र की



रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले मीसा बंदियों का सम्मान पूरे राष्ट्र का सम्मान है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार लोकतंत्र सेनानियों और उनके परिवारों के सम्मान एवं कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। साथ ही युवाओं से लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान की रक्षा के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सत्ता बचाने के लिए देश में आपातकाल लागू किया था, जिससे नागरिकों के मौलिक अधिकार प्रभावित हुए और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा प्रत्येक वर्ष 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाती है, ताकि नई पीढ़ी लोकतंत्र के महत्व और आपातकाल के इतिहास से परिचित हो सके। वहीं पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने मीसा बंदियों के त्याग और संघर्ष को आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने भी लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष को याद करते हुए उनके सम्मान को समाज का नैतिक दायित्व बताया।

**ये रहे शामिल** - कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ने किया, जबकि जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुरलीधर सिन्हा, प्रीतम सिन्हा, अजय रोहरा, सुरेन्द्र सोनटेके, रिखीराम यादव, रूपनारायण साहू, लुकेश्वरी निषाद, लोचनराम साहू, बलदेव सिंह हुंदल, सुमित पारख, धनराज विश्वकर्मा, गोपी ध्रुव, हेमंत सिन्हा, रिकेश साहू, संदीप पाण्डे, प्रहलाद सिंह ठाकुर, किशन कंड्रा, नागेन्द्र साहू, थानसिंह निषाद, डोमार साहू, अमित बखारिया, दुलारी साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में लोकतंत्र सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए संविधान एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के प्रति समाज को निरंतर जागरूक करने का संकल्प लिया गया।

## किरवई स्कूल में धूमधाम से मना शाला प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

शासकीय प्राथमिक शाला किरवई में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें सभी नव प्रवेशी बच्चों का मुख्य अतिथि राधेश्याम साहू जनपद सदस्य किरवई द्वारा गुलाल एवं फूल माला से स्वागत किया गया। तथा ग्राम पंचायत किरवई के सरपंच देवकुमारी साहू के हाथों बच्चों को पाठ्य पुस्तक गणवेश पेन कलम पेंसिल तथा बेल्ट बेल्ट प्रदान किया गया एवं सभी बच्चों को गणवेश तथा मिठाइयां वितरित की गई। इस आयोजन के अतिथि श्री साहू द्वारा शाला में बालिका शौचालय निर्माण के लिए आवश्यक प्रस्ताव एवं नक्शा प्रदान करने की बात कही गई तथा अति शीघ्र शौचालय निर्माण की घोषणा की। इस कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष बिंदु साहू, ईश्वर साहू, राम साहू, राधिका मानिकपुरी, प्रधानपाठक खेलन साहू, सुखेन साहू, मधु महिलांग ,मानकी चंदेल, उषा साहू उपस्थित हुए।